2023-24

# मॉडल टेस्ट पेपर

## कक्षा -10वीं

**समय- 3 घंटे** **विषय-हिंदी DA** **कुल अंक -80**

### भाग - क

### बहुवैकल्पिक प्रश्न

**प्रश्न-1 (क) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही उत्तर छाँटकर लिखिए :** 8×2 =16

**(i)** 'छात्रावास' शब्द के सही संधिविच्छेद विकल्प को चुनकर लिखिए:

(क) छात्रा + वास (ख) छात्र+ आवास (ग) छात्र+ वास (घ) छात्र + अवास

**(ii)** 'दशमेश' शब्द के सही संधिविच्छेद विकल्प को चुनकर लिखिए:

(क) दशम+इश (ख) दशम+ईश (ग) दशम+एश (घ) दशम+ऐश

**(iii)** 'महान है जो देव' का समास (समस्त पद) चुनिए-

(क) महादेव (ख) महानदेव (ग) महापुरुष (घ) महावीर

**(iv)** 'देश वासी' का समास विग्रह चुनिए-

(क) देश को वासी (ख) देश में वासी

(ग) देश का वासी (घ) देश के लिए वासी

**(v)** 'झंडा' का पर्यायवाची चुनें-

(क) ध्वज (ख) खड़्ग (ग) तड़ाग (घ) आइना

**(vi)** 'कमल' का सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए:

(क) वारि (ख) अंबर (ग) सरोज (घ) गुलशन

**(vii)** निम्नलिखित में से 'काल' का अर्थ है-

(क) हाथ (ख) जवाब (ग) समय (घ) लाभ

**(viii)** कविता भाग 'दोहावली' के अनुसार चापलूस दरबारियों से क्या हानि होती है?

(क) राजा के राज्य धर्म, धर्म और अपने शरीर का भी नाश होता है। (ख) राजा खुश होता है।

(ग) राजा का राज्य बढ़ता है। (घ) राजा का खर्च होता है।

**(ख) निम्नलिखित 'क' भाग का 'ख' भाग से सही मिलान कीजिए :** 5×2=10

| 'क' भाग | 'ख' भाग |
|---|---|
| (i) 'कल्पना' शब्द का विशेषण | (i) वीरता |
| (ii) 'वीर' शब्द की भाववाचक संज्ञा | (ii) मीना |
| (iii) 'ममता' कहानी में हुमायूँ का बेटा | (iii) काल्पनिक |
| (iv) )'मित्रता' निबन्ध में नीति विशारद अकबर मन बहलाने के लिए किसकी ओर देखता था? | (iv) अकबर |
| (v) 'देश के दुश्मन' एकांकी में सुमित्रा की बेटी | (v) बीरबल |

**(ग) कोष्ठक ( ) में दिए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें-** 5×2=10

(i) मेरा ............अध्यापक है।( सूत / सुत) उपयुक्त समरूपी भिन्नार्थक शब्द चुनकर लिखिए।

**(ii)**...............चिड़िया पहचानना का अर्थ है- अनुभवी होना। (उड़ती / बैठी) मुहावरे से सम्बन्धित उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

(iii) उर्मिला ने कविता में किसानों की ..................की है। ( प्रशंसा / बुराई ) 'हम राज्य लिए मरते हैं,' कविता के आधार पर उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(iv) अरुणा और चित्रा दो ............ थी। ( सहेलियाँ / बहनें ) 'दो कलाकार ' कहानी के आधार पर उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(v) 'सूखी डाली' एकांकी में छोटी बहू ..............की पत्नी थी। ( परेश/मूलराज ) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

**(घ)** निम्नलिखित सही कथन पर सही ( √ ) और गलत कथन पर गलत ( X ) का निशान लगायें: 5×2=10

(i) 'खुश' का विलोम ( विपरीत ) शब्द 'नापसंद' होगा- ( )

(ii) जो शरण में आया हो, उसे शरणागत कहते हैं। ( )

(iii) मैंने पतंग उड़ाया। यह वाक्य का शुद्ध रूप है। ( )

(iv) 'जड़ की मुस्कान' कविता के आधार पर डाल तने से फूटती है। ( )

(v) 'देश के दुश्मन' एकांकी में जयदेव ने अपनी छुट्टी कैंसिल नहीं करवायी थी। ( )

## भाग-II

प्रश्न-2 निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 1×3=3

(i) स्कूल बस पर छात्र-छात्राएं कहाँ जा रहे थे ? 'अहसास' कहानी के आधार पर उत्तर लिखें।

अथवा

युद्ध में 'जय' बोलने वालों का क्या महत्व है ? 'मैं और मेरा देश' निबंध के आधार पर उत्तर लिखें।

अथवा

जयदेव वाघा बॉर्डर पर किस पद पर नियुक्त था ? 'देश के दुश्मन' एकांकी के आधार पर उत्तर लिखें।

(ii) निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिंदी में अनुवाद करें — 3

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਬਜ਼ੁਰਗਾਂ ਦਾ ਵੱਧ ਤੋਂ ਵੱਧ ਸਨਮਾਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਉਹ ਬੁੱਧੀਮਾਨ, ਅਨੁਭਵੀ ਅਤੇ ਘਰ ਦਾ ਸ਼ਿੰਗਾਰ ਹੁੰਦੇ ਹਨ।

## भाग- III

प्रश्न-3 (i) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

2×2=4

हस्तकला ऐसे कलात्मक कार्य को कहा जाता है जो उपयोगी होने के साथ-साथ सजाने, पहनने आदि के काम आता है। जो चीज़ें मशीनों के माध्यम से बड़े स्तर पर बनायी जाती हैं उन्हें हस्तशिल्प की श्रेणी में नहीं लिया जाता। भारत में हस्तशिल्प के पर्याप्त अवसर हैं। सभी राज्यों की हस्तकला अनूठी है। पंजाब में हाथ से की जाने कढ़ाई की विशेष तकनीक को फुलकारी कहा जाता है। इस प्रकार की कढ़ाई से बने दुपट्टे, सूट, चादरें विश्व भर में बहुत प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त मंजे ( लकड़ी के ढाँचे पर रस्सियों से बने हुए एक प्रकार के पलंग ), पंजाबी जूतियाँ आदि भी प्रसिद्ध हैं। राजस्थान वस्त्रों, कीमती हीरे जवाहरात से जड़े आभूषणों, चमकते हुए बर्तनों, मीनाकारी, वड़ियाँ, पापड़, चूर्ण, भुजिया आदि के लिए जाना जाता है। आंध्रप्रदेश सिल्क की साड़ियों, केरल हाथी दांत की नक्काशी और शीशम की लकड़ी के फर्नीचर, बंगाल हाथ से बुने हुए कपड़े, तमिलनाडु ताम्र मूर्त्तियों एवं कांजीवरम साड़ियों, मैसूर रेशम और चंदन की लकड़ी की वस्तुओं, कश्मीर अखरोट की लकड़ी के बने फर्नीचर, कढ़ाई वाली शालों तथा गलीचों, असम बेंत के फर्नीचर, लखनऊ

चिकनकारी वाले कपड़ों, बनारस ज़री वाली सिल्क साड़ियों, मध्य प्रदेश चंदेरी और कोसा सिल्क के लिए प्रसिद्ध है। इस क्षेत्र के जानकारों का कहना है कि जब आप उत्कृष्ट व अनूठी चीज़ बनाते हैं तो हस्तकला के प्रशंसकों की कमी नहीं रहती।

**(क)** हस्तकला किसे कहते हैं ?

**(ख)** किन चीज़ों को हस्तकला की श्रेणी में नहीं लिया जाता ?

**(ग)** पंजाब में हस्तकला के रूप में कौन-कौन सी चीज़ें प्रसिद्ध हैं ?

**(घ)** उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) आपका नाम शारदा कुमारी है। आप मकान नं. 145 सेक्टर 5, हिसार में रहती हैं, घर के कामकाज के लिए एक नौकरानी की आवश्यकता है। आपका फोन नम्बर 8719654234 है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'नौकरानी की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।

**अथवा**

सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, किशनपुरा के प्रिंसिपल की ओर से सूचना-पट के लिए एक सूचना तैयार करें जिसमें प्रिंसिपल की ओर से सभी अध्यापकों व छात्रों को 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8.00 बजे स्कूल आना अनिवार्य रूप से कहा गया हो। 4

## भाग- IV

प्रश्न-4 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें- 5

'अशिक्षित का हृदय' कहानी का क्या उद्देश्य है ?

**अथवा**

मित्र का चुनाव करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

**अथवा**

'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(ii) निम्नलिखित में से एक अनुच्छेद अथवा एक पत्र लिखिए। 5

निम्नलिखित में से दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 60-80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।
मेरी दिनचर्या

संकेत बिन्दु : (क) सुबह उठकर सैर व व्यायाम करना (ख) नाश्ता करके स्कूल जाना और पढ़ना (ग) स्कूल से घर आकर खाना खाकर आराम करना (घ) शाम को खेलने जाना (ङ) गृह-कार्य करना और प्रभु स्मरण करके सो जाना

**अथवा**

प्रकृति का वरदान पेड़ पौधे-

संकेत बिंदु : (क) पेड़ पौधे जीवन में महत्वपूर्ण : (ख) पेड़ों का परोपकारी जीवन (ग) वातावरण को शुद्ध करना (घ) धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण (ङ) पेड़ पौधे किसी वरदान से कम नहीं

**अथवा**

आपका नाम नीरज वर्मा है। आप उत्थान पब्लिक स्कूल, चंडीगढ़ में दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नम्बर 8 है। आप अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को विषय बदलने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**अथवा**

**आपका नाम शिशुपाल सिंह है। आप बाल विकास विद्यालय, हैदराबाद में दसवीं कक्षा में पढ़ते हैं। आपका रोल नम्बर-13 है। अपनी गलती के लिए क्षमा याचना करते हुए अपने स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।**

**(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें-** 5

**मान लीजिए आपका नाम राज कुमार है। आपका हिंदोस्तान बैंक, शाखा-मुम्बई में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 7338380103 है। आपको आने इस खाते में से 7500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।**

**हिंदोस्तान बैंक, शाखा-मुम्बई**

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम:........................................ ..............................................

खाता नम्बर:................ ........................................................................................कृपया मुझे .

.................... ..................................रु. (अंकों में ).... ..............................................`

(शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर:..........................................

**अथवा**

मान लीजिए आपका नाम जगदीश सिंह है। आपका भारत बैंक, शाखा-गंगानगर में एक बचत खाता है, जिसका नम्बर 492694213 है। आपको आने इस खाते में से 3500/- रुपये निकलवाने हैं। इस अनुसार निम्नलिखित प्रपत्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतारकर भरें।

**भारत बैंक, शाखा-गंगानगर**

**बचत बैंक आहरण प्रपत्र**

बचत खाताधारक का नाम:........................................... ....................................

खाता नम्बर:..............................................................................................................कृपया मुझे

..................................- रु. (अंकों में )....... ......................` (शब्दों में) अदा करें।

खाताधारक के हस्ताक्षर:........... ...................................

**प्रश्न 5 सुंदर लिखाई** 5